हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 2 जून 2024

तापमान

अधिकतम 44.2 डिग्री

न्यूनतम 31.6 डिग्री

12 तंबाकू उत्पाद की बिक्री पर प्रतिबंध

12 सवा लाख बाती से महाआरती के बाद रामेश्वरम ...

खबर संक्षेप

खेत में अज्ञात कारणों से लगाई फांसी



महासमुंद। बसना थाना क्षेत्र के ग्राम केसरपुर के खेत में एक व्यक्ति ने फांसी लगा ली। केसरपुर निवासी प्रभात बरिहा ने पुलिस को सूचना दी कि उसके पिता बिसेसर (50) साल ने 30 मई से 31 मई की सुबह करीब 6:30 बजे के बीच केसरपुर स्थित अपने खेत पर अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर कार्यवाही विवेचना में लिया है।

पति की मारपीट से नवविवाहिता की मौत, शार्ट पीएम और जांच में हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के बसना थानांतर्गत ग्राम पिलवापाली में हुई नवविवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में बसना पुलिस ने मृतका के पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। शॉर्ट पीएम में अन्य जांच में यह बात सामने आई कि पति द्वारा शादी के बाद से दहेज के सामान और नगद के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था साथ ही नगद 50 हजार की मांग पर विवाहित द्वारा असमर्थता जताए जाने के बाद मारपीट के दौरान गला दबाने से युवती की मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के पति के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने मामले की जांच के बाद बताया कि मृतका उर्मिला साव का मायका छुवालीपतेरा थाना सांकरा है और उसका विवाह 18 फरवरी को ग्राम देवरी पिलवापाली के कपूरचंद साव के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ हुआ था। शादी के कुछ समय तक दांपत्य जीवन ठीक चला। उसके बाद पति कपूरचंद के द्वारा मृतका को शादी में दिए गए दहेज के सामान मोटरसायकल डिलक्स के स्थान पर उससे महंगा मोटरसायकल, छोटे कूलर के स्थान पर बड़ा कूलर नहीं दिए जाने को लेकर प्रताड़ित करते हुए 50,000 रुपए की मांग किया जाता है। पति की इस मांग से मृतका जब असहमति जताती थी तो उसके साथ लड़ाई, झगड़ा मारपीट करता था। पुलिस ने जांच रिपोर्ट में बताया कि मृतका उर्मिला के द्वारा इस बात की जानकारी अपने मायके पक्ष में माता, पिता, बहन को समय-समय पर दी गई। घटना दिनांक 29 मई की रात खाना खाने के बाद कपूरचंद द्वारा पत्नी उर्मिला से पुनः इन्हीं बातों को लेकर झगड़ा, विवाद एवं मारपीट की गई और असहनीय

बल प्रयोग कर गले में चोट पहुंचाकर सांस अवरोध कर मृतका की हत्या करना पाया गया। जांच के बाद आरोपी कपूरचंद साव पिता पुरुषोत्तम साव (28) निवासी ग्राम देवरी पिलवापाली थाना बसना जिला महासमुंद के खिलाफ अपराध धारा सदर 304 (बी) भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में हुई जांच

पुलिस ने बताया कि मर्ग जांच के दौरान घटनास्थल के निरीक्षण कर महिला की मृत्यु संदिग्ध पाए जाने से घटनास्थल को सीलबंद किया गया। वहीं शव की पंचनामा कार्रवाई कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बसना ललित सिंह नायब तहसीलदार बसना से कराया गया। बाद में शव का पीएम कराया गया। शार्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट डॉक्टर ने लेख किया कि महिला की मृत्यु की प्रकृति हत्या होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

ससुर ने दी थी पुलिस को सूचना

घटना की रिपोर्ट करते हुए युवती के ससुर पुरूषोत्तम साव पिता चमरू साव (56 साल) निवासी देवरी पिलवापाली थाना बसना ने सरपंच मोहन साव के साथ थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मैं खाना खाकर गांव के गली तरफ निकला था और आधे घंटे बाद घर आया और अपने कमरे में सो रहा था, तभी मेरा बेटा कपूरचंद पीने के लिए पानी अपने कमरे में नहीं ले गया था तो पानी लाने हमारे कमरा की तरफ आया और पानी लेकर अपने कमरे में गया कुछ समय बाद आकर बुलाया कि तुम्हारी बहू उर्मिला बुलाने से नहीं सुन रही है। उसके ऐसा बोलने पर मैं और मेरी पत्नी श्याम बाई दोनों जाकर देखे तो उर्मिला बेहोश अपने खाट में लेटी हुई थी, हिला डुलाकर देखे, पानी भी पिलाकर देखे। लेकिन, नहीं सुनी और न पानी पी। यह घटना रात्रि करीब 09.30 से 10 बजे के बीच का है। इसके बाद तब हम सपरिवार और सरपंच को बुलाए, साथ ही मायके में सूचना दी।

कार्रवाई : मिलावटी शराब बनाने का मामला, एक गिरफ्तार, दो फरार

बेमचा में बड़ी कार्रवाई, 3 लाख रुपए से ज्यादा की शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम

- मतगणना के दिन के लिए रखा गया था स्टॉक, मिलावटी शराब का जखीरा पकड़ाया

बेमचा में पुलिस ने शराब का जखीरा पकड़ा है साथ ही शराब के मिलावटी होने की भी आशंका जताई जा रही है। अवैध शराब रखे होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मुखबिर की निशानदेही में दबिश दी जहां से पुलिस ने 3 लाख रुपए से ज्यादा की शराब जब्त की। इस दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है वहीं दो आरोपी फरार हो गए। पूछताछ आरोपी ने शराब में मिलावट करने की जानकारी भी पुलिस को दी है।

पुलिस ने मामले में आरोपी प्रकाश चतुर्वेदी, भरत जांगड़े पिता हेमंत जांगडे निवासी बेमचा तथा युवराज रात्रे पिता भोला रात्रे निवासी ग्राम बेमचा के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम बेमचा भागचंद सतनामी के नवनिर्मित मकान की घेराबंदी की। तभी उस मकान से तीन व्यक्ति निकलकर भागने लगे, जिन्हे दौडाने पर एक व्यक्ति को पुलिस पार्टी पकड़ा और दो अन्य लोग फरार हो गए। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम प्रकाश चतुर्वेदी पिता प्रदीप चतुर्वेदी (21 साल) वार्ड नं. 13 सतनामी पारा बेमचा थाना व जिला महासमुंद बताया। आरोपी ने आगे बताया कि वह यहां अपने साथियों भरत जांगड़े व युवराज रात्रे के साथ शराब बिक्री एवं शराब में मिलावट करता है।

तलाशी में यह सामान मिला

पुलिस ने जब मकान की तलाशी ली तो वहां से देशी मसाला शराब 180 एमएल पौवा वाली कुल 88 पेटी, प्रत्येक पेटी में 42 नग देशी मदिरा मसाला पौवा कुल 665280 एमएल प्रत्येक की कीमत 90 रुपए कुल कीमत 332640 रुपए तथा एक कोने में एक सफेद रंग की बोरी में 180 एमएल पौवा वाली कुल 125 नग शोले मसाला देशी मदिरा कुल 22500 एमएल प्रत्येक कीमत 110 रुपए कुल कीमती 13750 रुपए कुल शराब 687780 एमएल कुल कीमत 346390 रुपए तथा एक मोटर सायकल स्प्लेंडर सीजी 06 जीएक्स 8696 कीमत 10000 रुपए, एक एक्टिवा स्कूटी सीजी 06 जीसी 8155 कीमत 10000 रुपए , एक नग वीवो कंपनी का मोबाईल 3000 रुपए, शराब बोतल के नए ढक्कन कुल 45 नग, एक नग चाड़ी, 180 एमएल की 45 नग खाली बोतल एवं 60 नग सीलबंद करने का रेपर कुल कीमत 369390 रुपए को जब्त किया गया।

नहीं मिल पा रहे इन सवालों के जवाब

इतने बड़े पैमाने में शराब होने के पीछे मतगणना का दिन वजह मानी जा रही है। इस दिन जिला प्रशासन द्वारा शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कतिपय इसी दिन के लिए शराब का जखीरा संग्रहित किया गया था। अगर ऐसा नही है तो यह भी प्रश्न है कि आखिर इतनी बड़ी मात्रा में शराब इन अवैध विक्रयकर्ताओं के पास पहुंची कैसे? किस दुकान से निकली ? और शराब के मामले में अफसर-माफिया सभी की मिली भगत है तो इसपर विराम कैसे लग पाएगी?

अफसर और जनप्रतिनिधियों की सुस्ती का फायदा उठा रहा शराब माफिया

सरकार बदली लेकिन, शराब माफियाओं के कामकाज नही बदले। भाजपा सरकार के आने से पहले के वादों और वर्तमान में हो जारी कामकाज के दावे भिन्न नजर आ रहे हैं। जिला मुख्यालय के नजदीकी गांव में शराब और मिलावटी शराब का जखीरा जब्त हो रहा है तो आबकारी और चुने हुए जनप्रतिनिधि इन मामलों में कड़ाई ला पाने में स्पष्ट तौर पर असफल नजर आ रहे हैं। शराब के कारोबार में अभी भी पुराने चर्चित चेहरों का नाम सामने आ रहा रहा है जो इस बात का खुलेआम दावा कर रहे हैं कि केवल संरक्षणदाता सरकार बदली है।

सरपंच दंपति पर दबंगई करने का आरोप सतनामी समाज ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरपंच दंपति कार्रवाई से बचने के लिए पानी टंकी के नाम से ग्रामीणों को मोहरा बनाकर प्रशासन को कर रहे गुमराह

रामेश्वरी बघेल ने प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के जिलाध्यक्ष के नाम दिए आवेदन में बताया है कि उसके पति के माता पिता व दादा परदादा 80-85 साल से ग्राम मोखा के साढ़े नौ एकड़ पट्टे की जमीन पर समीप के गांव भिलाईदादर में रहकर कास्तकारी कर रहे थे। जिनके बाद ईश्वर बघेल अपने परिवार के साथ 15-20 साल से ग्राम मोखा में ही अपने खेत में घर बनाकर खेती किसानी कर रहे हैं। जिस पर गांव के सरपंच द्वारा फसल लगे खेत पर अचानक जेसीबी चलाकर खेत के बीचोंबीच टंकी बनाने गड्ढा खुदवा दिया तथा एक-डेढ़ एकड़ के फसल को बर्बाद कर दिया। फिर भी जनहित के लिए वे पानी टंकी निर्माण के लिए तैयार हो गए। जबकि, पानी टंकी निर्माण के जगह 1952 के रिकार्ड में उनके पूर्वज के नाम पर दर्ज है। परंतु, सरपंच पति द्वारा सभी जमीन को अब स्वयं औने-पौने दाम पर हड़पने और सतनामी जाति के एक घर के आदमी को गांव में नहीं रहने की धमकी देकर जमीन छोड़कर जहां से आए हो वही जाकर बसने के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा है। जिसके कारण मार-पीट की गई है।

पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के पदाधिकारियों ने एसपी से मिलकर सरपंच दंपति के ऊपर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही जमीन संबंधित कोई विवाद हैं तो उसे संविधान के दायरे में कार्रवाई करने एवं सतनामी समाज के साथ जातिगत गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं करने की बात कहीं। इस दौरान रमेश्वरी बघेल, ईश्वर बघेल एवं प्रगतिशिल छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश बंजारे, जिला अध्यक्ष विजय बंजारे, बागबाहरा ब्लॉक अध्यक्ष चिंता साय, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष तरुण व्यवहार, जिला मीडिया प्रभारी सोमनाथ टोंडेकर सहित समाज अन्य लोग उपस्थित रहे।

मोखा में दो पक्षों के बीच मारपीट

महासमुंद। कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम मोखा में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को रमेश्वरी बघेल पति ईश्वर बघेल ने बताया कि आरोपी गोविंद चंद्राकर व सृष्टि चंद्राकर ने मेरे व मेरे पति के साथ जाति सूचक गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी, साथ ही हाथ मुक्का से मारपीट की गई। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506 भादवि, 3, 1 द, 3, 1 एस एससी/एसटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष की सृष्टि चंद्राकर पति गोविंद चंद्राकर (32 साल) ने पुलिस को बताया आरोपी रमेश्वरी बघेल, ईश्वर बघेल द्वारा उसके साथ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट की गई। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 341. 354, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

एडिटर और हीरो ने एक्ट्रेस से कही "गंदी बात"

फिल्म कलाकार सोनाली ने बताई आप बीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकार सोनाली सहारे ने छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री के दो चर्चित चेहरों पर कॉम्प्रोमाइज करने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। सोनाली ने सोशल नेटवर्किंग साइट्स इंस्टा पर भी अपनी बात रखते हुए एक फिल्म एडिटर और हीरो को उनके शॉर्ट फार्म के साथ

जिक्र किया है। अभिनेत्री ने बताया कि दोनों के द्वारा शर्मनाक बात कही गई है। उनकी शर्त नहीं मानने पर फिल्म से निकाल दिया गया। सोनाली ने कहा कि ऐसे लोगों को सीजी फिल्म इंडस्ट्री से खदेड़कर रहेंगे जो हमारी बेटियों पर गंदी नजर उठाए।

नौतपा के बीच अंधड़ के साथ हुई बारिश

नर्रा। क्षेत्र में इन दिनों नौतपा का कहर जारी है। भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी के चलते लोग परेशान है। इसी बीच शनिवार को दिन में तेज धूप के बाद संध्या 4 से 5 बजे के बीच मौसम ने अचानक करवट ली। और तेज अंधड़ व गरज-चमक के साथ अच्छी बारिश हुई। बारिश होने से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है।

शहर में अवैध कॉलोनियों पर जल्द होगी कार्रवाई

पालिका ने तैयार किया अवैध कॉलोनियों का ब्यौरा कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार को सौंपी सूची

महासमुंद। शहर में अवैध रूप से विकसित कॉलोनियों का निर्माण करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन व पालिका बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है। नगर पालिका ने जिला प्रशासन के निर्देश पर महासमुंद तहसीलदार को शहर की कुल 18 अवैध कॉलोनियों की सूची प्रेषित की है। जिसमें राजस्व विभाग अब अवैध कालोनियों का प्रकरण दर्ज करते हुए संबंधित कॉलोनाइजरों को नोटिस जारी किया जाएगा। जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने बताया है कि शहर क्षेत्र में बने अवैध कॉलोनियों को चिह्नित करने के निर्देश कलेक्टर प्रभात मलिक ने दिए। जिसकी जांच कर शहर में 18 अवैध कॉलोनी को चिन्हित किया गया है। जिस पर प्रशासन उक्त कॉलोनियों में विकास अनुमति, डायवर्जन, टीएंडसीपी की परमिशन सहित नगर पालिका की अनुमति की जांच करेगा। बाद प्रकरण पंजीबद्ध कर नोटिस जारी किया जाएगा। अवैध कॉलोनियों के कर्ता-धर्ता को जवाब के साथ कॉलोनी निर्माण से जुड़े सभी दस्तावेज भी प्रस्तुत करने होंगे।

गर्मी के चलते बिजली की दिक्कत शुरू, ग्रामीण क्षेत्र के लोग और ज्यादा परेशान

भीषण गर्मी में बार-बार बिजली गुल, लोगों की परेशानी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में लगतार पड़ गर्मी के चलते बिजली की दिक्कत शुरू हो गई है। ओवरलोड के चलते बिजली की खपत बढ़ जाने और ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बार-बार शहर क्षेत्र में भी बिजली बंद हो रही है। ग्रामीण इलाके में शुक्रवार शनिवार की दरम्यानी रात लोग बिजली समस्या से खासे परेशान रहे। गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है। बार- दिन मे तापमान 45 के पार तो रात मे तापमान 32 डिग्री होने के कारण लोग पंखे, कूलर, एसी के पास से हटने को तैयार नहीं हैं। इसके चलते बिजली की खपत बढ़ गई है। वहीं मेंटेनेंस के नाम पर बार-बार बिजली बंद करने के कारण लोग को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम बम्हनी सबस्टेशन अंतर्गत ग्राम बरोंडा,

परसट्टी, नादगांव एवं लाफिन के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

टोल फ्री नंबर बंद

जिले के बिजली विभाग ने समस्या एवं जानकारी देने के लिए जो टोलफ्री नम्बर जारी किया है उस नंबर में काल करने पर वह बंद बताता है। इसके चलते लोगों को विभाग का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

शहरवासियों को राहत

भीषण गर्मी से जहां लोग परेशान है वहीं एक लाभ के चलते लोगों ने राहत की भी सांस ली है। पिछले कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के चलते शहर से मच्छर पूरी तरह से नदारद हो गए हैं। बताया जा रहा है कि भीषण गर्मी के कारण मच्छर पनप नही पा रहे और 46 डिग्री तामपान महसूस किया जा रहा है। ऐसे में मच्छरों का जीवित रह पाना मुश्किल होता है।

हरिभूमि **पाठक सूचना**

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

खबर संक्षेप

अम्मा चोले वाली का बरसी महोत्सव 7 को

रायपुर। देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में 7 जून को अम्मा चोले वाली का बरसी महोत्सव दरबार की महंत

अम्मा मीरा देवी के सानिध्य मे मनाया जाएगा। यह जानकारी दरबार के सेवादारी अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, सुशील केशवानी, पवन प्रीतवानी, दिनेश दावानी ने देते हुए बताया कि बरसी महोत्सव में तिल्दा, भाटापारा, चकरभाठी, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, धमतरी, दल्ली राजहरा, राजनांदगांव, दुर्ग-भिलाई समेत 11 धाम से श्रद्धालु शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शदाणी दरबार के संत डॉ. युधिष्ठिर लाल उपस्थित रहेंगे। सुबह 11 बजे अखंड धुनी पाठ साहब, आरती, सत्संग, कीर्तन, शाम 5 बजे महिला मंडल सत्संग, 7 बजे से विनोद चावला का विशेष कार्यक्रम आयोजित है। रात 8 को अखंड धुनी पाठ साहब का समापन होगा। उसके बाद भंडारा प्रसाद का आयोजन है।

महाराष्ट्र मंडल का शिवाजी महाराज राज्याभिषेक समारोह 6 को

रायपुर। महाराष्ट्र मंडल द्वारा 6 जून को तात्यापारा चौक स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के समक्ष 351वां राज्याभिषेक समारोह आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मराठा मित्र मंडल, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुनबी महासंगठन, मराठा युवा समाज, मराठी स्वर्णकार समाज और मराठी तेली समाज भी साथ होंगे। मंडल के सचिव चेतन दंडवते ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का सात नदियों के पानी और दूध से मंत्रोच्चार के बीच अभिषेक किया जाएगा। तत्पश्चात शिवाजी महाराज की महाआरती की जाएगी।

सद्गुरु कबीर साहेब प्रकोत्सव समारोह 16 से

रायपुर। श्री सद्गुरु कबीर सत्संग समिति एवं आमीन माता महिला मंडली के तत्वावधान में एक दिवसीय सद्गुरु कबीर साहेब प्रकोत्सव समारोह 16 जून को आयोजित है। गांधी चौक के पास कबीरहा पारा देवपुरी साहू समाज के भवन के सामने कार्यक्रम स्थल तय किया गया है। जहां सुबह 10 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। 11 बजे रामकुमार साहेब द्वारा निर्गुण कायाखण्डी भजन पेश किए जाएंगे। शाम 5 बजे से भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

कोटा में शनिदेव जन्मोत्सव 6 को

रायपुर। मेनरोड कोटा में नवनिर्मित श्री शनिदेव मंदिर में प्रथम वर्ष शनिदेव जन्मोत्सव 6 जून को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस

संबंध में शनिदेव मंदिर के पुजारी रोहित शर्मा ने बताया कि सर्वप्रथम सुबह 7.30 बजे आरती, 11 बजे हवन, 11.30 बजे भंडारा, शाम 4 बजे से सुंदरकांड का पाठ एवं रात्रि 7.30 बजे महाआरती ढोल-बाजे एवं आतिशबाजी के साथ की जाएगी। रात्रि 8 बजे भोग प्रसाद का वितरण एवं भजन संध्या 7 बजे से जय किशन एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में असली फूलों से पूरे मंदिर का श्रृंगार किया जाएगा।

12 रेलवे ब्रिज में लगा वाटर मॉनिटरिंग सिस्टम, मोबाइल पर आएगा अलर्ट मैसेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बारिश से पहल रेलवे ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है।

- नए सिस्टम से रीडिंग में नहीं होगी त्रुटि

नदियों का जलस्तर मापने रेलवे ने जोन के महत्वपूर्ण पुलों पर नया सिस्टम लगाया है, जिससे अब चंद सेकंड में वाटर लेवल की जानकारी मिल जाएगी। इसके अलावा यह सिस्टम बाढ़ की स्थिति निर्मित होने से पहले अलर्ट भी करेगा और नदियों का पानी पटरी में आने से बचाएगा। रेलवे ने जलस्तर मापने के लिए मीटर गेज के स्थान पर नई तकनीक वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम का इस्तेमाल किया है। इस सेंसर युक्त उपकरण से जलस्तर की पूरी जानकारी त्वरित मिल रही है।

नदी में जल का स्तर अचानक बढ़ाने की स्थिति में इस सिस्टम से जुड़े अधिकारियों के मोबाइल पर तुरंत अलर्ट मैसेज भी आयेगा, जिससे समय रहते संरक्षित रेल परिचालन को भी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत 12 महत्वपूर्ण रेलवे पुलों पर यह तकनीक स्थापित की गई है।

पारंपरिक गेज पद्धति से वाटर लेवल की तत्काल नहीं मिलती थी सूचना

24 घंटे जलस्तर की निगरानी

पहले पारंपरिक गेज पद्धति से नदियों का जलस्तर पता किया जाता था। इसमें त्वरित सूचनाएं नहीं मिल पाती थी। वाटर लेवल रीडिंग में भी त्रुटि की संभावना होती थी। रेलवे ट्रैक और पुल पर खतरे का आकलन मुश्किल भरा होता था। कई बार बाढ़ का पानी ट्रैक पर भी आ जाता था, लेकिन इस आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से नदियों पर 24 घंटे जल के स्तर की निगरानी आसान हो रही है।

इस तरह काम करता है सिस्टम

नदियों के जलस्तर को मापने की पारंपरिक गेज पद्धति के स्थान पर आधुनिक वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम लगाया गया है। सेंसर युक्त यह सिस्टम ट्रैक मैनेजमेंट सिस्टम से जुड़ा होता है। इसमें एक चिप लगा हुआ है। उसमें पुल से संबद्ध सहायक मंडल इंजीनियर, कार्य निरीक्षक और रेल पथ निरीक्षक आदि के मोबाइल नंबर दर्ज रहते हैं। पुल पर जलस्तर बताने वाले स्केल को सेंसर सिस्टम रीड करता रहता है। जब जलस्तर खतरे के निशान से बढ़ता या घटता है, तो यह मशीन स्वतः संबंधित इंजीनियरों व अधिकारियों को एसएमएस भेजती है।

राजधानी से सटे निगम के 40 वार्ड में डेढ लाख से ज्यादा आबादी के बीच अटकी सुविधा

9 साल में बिरगांव निगम नहीं बना पाया 5 जोन कार्यालय, हर काम के लिए मुख्यालय की दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सरकार ने करीब 9 साल पहले एक लाख से ज्यादा की आबादी को देखते हुए बिरगांव नगर पालिका परिषद को नगर निगम का दर्जा दिया, लेकिन लोगों की सुविधा के लिए अभी तक जोन कार्यालय नहीं बना पाए हैं। इसके लिए 7 साल पहले पांच जोन कार्यालय बनाने का प्रस्ताव बनाने के लिए दिशा-निर्देश देने के बाद जिम्मेदार भूल गए। इसका खामियाजा रोज 6 गांव में बनाए गए 40 वार्ड के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, निगम के जिम्मेदारों ने राजस्व वसूली के लिए हर वार्ड में कार्यालय खोलकर खानापूर्ति की है। इससे 15 सौ से ज्यादा लोगों को हर महीने 3 से 4 किलोमीटर दौड़ लगानी पड़ती है।

हरिभूमि सरोकार

औद्योगिक क्षेत्र से घिरे बिरगांव निगम को 2003 में 55 हजार से ज्यादा की आबादी को देखते हुए सरकार ने नगर पालिका परिषद बनाया। इसके बाद 2014 -15 में एक लाख 30 हजार की आबादी के लिहाज से वार्डों को 35 से बढ़ाकर 40 करते हुए नगर निगम बनाया गया। अभी भी उरकुरा, रावांभाठा व उरला-अछोली के लोगों को जहां ढाई से 3 किलोमीटर दूर निगम मुख्यालय में समस्या का समाधान करवाने के लिए चक्कर लगाना पड़ता है। वहीं सरोरा के लोगों को करीब 4 किलोमीटर दूर निगम कार्यालय जाना पड़ता है। इसे देखते हुए लोगों की मांग पर 7 साल पहले इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजने से पहले प्रक्रिया करने के लिए दिशा-निर्देश देने के बाद जिम्मेदार भूल गए, लिहाजा अभी तक प्रस्ताव नहीं बनने से इसको लेकर एमआईसी व सामान्य सभा में चर्चा भी नहीं हुई।

निगम मुख्यालय में ही समाधान

वार्ड पार्षदों ने बताया कि बिरगांव में तीन व बाकि उरला-अछोली, सरोरा, रावांभाठा और उरकुरा में एक-एक राजस्व कार्यालय शुरू करने के बाद जिम्मेदारों ने चुप्पी साध ली है। जबकि उरला में वार्ड क्रमांक 01, 02,03,04 और 05 के साथ अछोली के वार्ड क्रमांक 06,07,08 में रहने वाले लोगों को कई बार मुख्यालय आना-जाना पड़ता है। इस समस्या से रावांभाठा के वार्ड क्रमांक 09,10,11,12,13,14,15 में रहने वाले लोग भी जूझ रहे हैं। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, राशन कार्ड बनवाने, नवीनीकरण, पेंशन, नया नल कनेक्शन, नक्शा पास कराने, बिजली कनेक्शन के लिए एनओसी लेने ही नहीं, सफाई व स्ट्रीट लाइट के लिए भी मुख्यालय की दौड़ लगानी पड़ती है। इसके चलते रोजी-मजदूरी करने वालों को काम करवाने के लिए छुट्टी लेनी पड़ती है।

जनहित में बनवाएंगे प्रस्ताव

लोगों की सुविधा के लिए नए सिरे से प्रस्ताव बनवाया जाएगा। लोगों के बीच सुविधा बढ़ाने के लिए जोन कार्यालय बनाने सरकार को प्रस्ताव दिया जाएगा। इसके लिए सामान्य सभा में सहमति बनाने का प्रयास किया जाएगा।

- नंदलाल देवांगन, महापौर नगर निगम, बिरगांव

सुविधा की बेहतरी के लिए जरूरी

आबादी लगातार बढ़ने से जोन कार्यालय की जरूरत महसूस की जा रही है। लोगों को 3 से 4 किलोमीटर दूर निगम मुख्यालय आना-जाना पड़ता है। इससे मुक्ति दिलाने और सुविधा की बेहतरी के लिए जोन कार्यालय जरूरी है।

- ओमप्रकाश साहू, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम, बिरगांव

एमआईसी में लाया जाएगा प्रस्ताव

निगम सूत्रों ने बताया कि बिरगांव में ही 17 वार्ड है। यहां निगम मुख्यालय होने से लोगों को ज्यादा परेशानी नहीं होती है। इसके बाद भी दो जोन कार्यालय बिरगांव व उरला, अछोली और सरोरा के वार्डों की जिम्मेदारी एक जोन को देने की तैयारी की गई थी। रावांभाठा और उरकुरा में एक-एक जोन कार्यालय बनाने के लिए विधायक ने भी प्रस्ताव बनाने सहमति दी। इसके बाद विधान सभा चुनाव हुए और नई सरकार ने मामले में कोई विचार नहीं किया। अब जोन कार्यालय को लेकर फिर सुगबुगाहट शुरू हो गई है। एमआईसी सदस्य इकराम अहमद ने मामले में कहा कि आगामी एमआईसी में समस्या का समाधान करने के लिए प्रस्ताव रखने के बाद दोबारा प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इससे लोगों को आसानी से सुविधा मिलेगी।

बीड़ी, सिगरेट और गुटखा के सेवन से गंभीर बीमारियों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तंबाकू, गुटखा, सिगरेट के उपयोग से कई तरह की गंभीर बीमारियों का खतरा होता है। इससे लोगों को दूर रहने की आवश्यकता है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर दंत चिकित्सा महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा तंबाकू एवं उसके उत्पादों के उपयोग पर रोक लगाने ओर इसके इस्तेमाल को कम करने लोगो को जागरूक करने के लिए 20 मई से 5 जून तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौखिक कैंसर जांच शिविर एवं कैंसर से पूर्व होने वाले लक्षणों के बारे में मरीजों को जागरूक करने के लिए पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री एवम ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी विभाग द्वारा मुख्य भूमिका निभाई गई। मेडिकल कॉलेज, रायपुर के कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग के डॉ. संदीप अग्रवाल द्वारा तंबाकू निषेध पर कार्यशाला भी आयोजित की गई। इस अवसर पर छात्रों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मरीजों को तंबाकू से होने वाले नुकसान के प्रति सचेत किया एवं नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया गया।

- डेंटल कालेज में विश्व तंबाकू दिवस पर पुलिस का निजात अभियान

इस दौरान पुलिस अफसरों द्वारा नशा मुक्ति के लिए, निजात अभियान के बारे में जागरूक किया गया। सभी कार्यक्रमों का संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वीरेंद्र वाढेर के मार्गदर्शन में किया गया।

ओडिशा से राजस्थान गांजा तस्करी, दो इंटर स्टेट तस्कर सहित चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कबीर नगर थाना क्षेत्र में पुलिस की नारकोटिक्स सेल ने दो इंटर स्टेट सहित चार गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 18 लाख रुपए का 61 किलो गांजा के साथ तस्करी में इस्तेमाल कार जब्त की है। पुलिस ने जिन गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है, वो ओडिशा से गांजा तस्करी कर राजस्थान ले जाने की फिराक में थे।

- कुल्फी सप्लायर की मदद से गांजा तस्करी कर ले जाने की फिराक में थे तस्कर

पुलिस के मुताबिक गांजा तस्करी करने के आरोप में राजस्थान भरतपुर निवासी रूपेंद्र चौहान, कन्हैया गुर्जर के अलावा जरवाय निवासी अजय गौरे उर्फ बॉबी, अदहरूद्दीन कुरैशी को गिरफ्तार किया है। एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट के नारकोटिक्स सेल के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर गांजा तस्करों को टाटीबंध से बीएसयूपी कालोनी जाते रास्ते में घेराबंदी कर पकड़ा है। पुलिस के अनुसार अजय स्थानीय लेबल पर कुल्फी सप्लाय का काम करता है। राजस्थान के तस्करों से उसकी पुरानी पहचान है।

राजस्थान के तस्करों के कहने पर पेशे से ई रिक्शा चालक अजहरुद्दीन तथा अजय गांजा लेने ओडिशा गए थे। गांजा लाने के एवज में तस्करों ने अजय तथा अजहरुद्दीन को मोटी रकम कमीशन के रूप में देने का इकरार किया था।

राजधानी में कहर ढा रही गर्मी दस साल का पीछे छूटा रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में इस बार नवतपा इतना अधिक तपा कि राजधानी में दस साल का रिकार्ड पीछे छूट गया। वर्ष 2015 में शहर का पारा 40.6 तक पहुंचा था। इस बार गुरुवार को 46.8 और शुक्रवार को 46.4 डिग्री तापमान रिकार्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक राजधानी में लू की स्थिति बहुत कम बार ही होती है, मगर इस बार भारी गर्मी ने इस अनुमान को गलत साबित कर दिया है। शहर में पिछले चार दिनों से गर्मी कहर ढा रही है और तापमान 45 डिग्री के पार होने की वजह से विभाग द्वारा लगातार ग्रीष्मलहर की चेतावनी जारी की जा रही है। गुरुवार की तुलना में शुक्रवार को शहर के तापमान में दशमलव 4 डिग्री की कमी आई, मगर इसका असर गर्मी पर नहीं हुआ और दिन में लोग तेज गर्मी से झुलसते रहे। शुक्रवार को भी शहर की सड़कों में दोपहर के वक्त सन्नाटा कायम रहा और आवाजाही करने वाले इक्के-दुक्के लोग नकाब में पूरी तरह लिपटे नजर आए। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले चौबीस घंटे में गर्मी से किसी तरह की राहत मिलने के आसार नहीं है। तापमान में भले ही थोड़ी कमी आ सकती है, मगर गर्मी से लोग परेशान रहेंगे। शहर का सर्वाधिक तापमान 30 मई 1988 को 47.9 का रिकार्ड है, जो अभी बरकरार है।

- लगातार दूसरे दिन पारा 46 डिग्री के पार

इस हफ्ते गर्मी के तेवर

शुक्रवार	46.4
गुरुवार	46.8
बुधवार	45.5
मंगलवार	45.8
सोमवार	43.6

कलेक्टोरेट बिल्डिंग में शराबखोरी जारी, बाज नहीं आ रहे पियक्कड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के कलेक्टोरेट परिसर से लेकर बिल्डिंग में नशाखोरी थमने का नाम नहीं ले रही है। परिसर में जहां कुछ दुकानों में जर्दायुक्त तंबाकू और सिगरेट का खुलेआम धंधा चल रहा है, वहीं दूसरी ओर कलेक्टोरेट बिल्डिंग में भी शराब पीने वाले लोग बाज नहीं आ रहे हैं। इससे पहले बिल्डिंग की सीढ़ियों की दीवारों पर लगी खिड़कियों पर शराब की खाली बोतलें मिली थी, वहीं गुरुवार को यहां कबाड़ हो चुके फर्नीचरों में बोतलें मिली हैं। यह बोतलें बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर मिली हैं। इससे पता चला है कि कुछ लोगों ने ड्यूटी टाइम के बाद बिल्डिंग को शराब पीने का अड्डा बना लिया है।

- फर्नीचरों के कबाड़ पर छोड़कर जा रहे खाली बोतलें

अपर कलेक्टरों से लेकर कई विभागों के दफ्तर हैं बिल्डिंग में

कलेक्टोरेट की तीन मंजिला बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर अपर कलेक्टरों के दफ्तर व कोर्ट रूम बने हुए हैं। दूसरी मंजिल में खनिज व आबकारी विभाग के दफ्तर तथा तीसरी मंजिल में आदिवासी विकास, योजना एवं सांख्यिकी, समग्र शिक्षा सहित अन्य विभाग के दफ्तर हैं। इस तरह बिल्डिंग के हर दफ्तर में अधिकारी से लेकर बड़ी संख्या में कर्मचारी भी बैठते हैं। इसके बाद भी इस बिल्डिंग में शराबखोरी को रोकने के लिए अब तक कोई प्रयास नहीं किया गया है।

अब तक कार्रवाई या सख्ती नहीं

कलेक्टोरेट के पूरे परिसर में नशा प्रतिबंधित है। इसके बावजूद परिसर से लेकर बिल्डिंग में लोग शराब, जर्दायुक्त गुटखा व सिगरेट का सेवन कर रहे हैं। इस पर लगाम लगाने के लिए अब तक प्रशासन स्तर पर कोई कार्रवाई या सख्ती बरती नहीं गई है। इसके कारण यहां नशाखोरी करने और बेचने वाले दोनों के मनोबल बढ़े हुए हैं।

गंदगी और कबाड़ से कर्मचारी भी परेशान

इस बिल्डिंग में गंदगी और कबाड़ से कर्मचारी भी परेशान हैं। नाम नहीं बताने की शर्त पर तीसरी बिल्डिंग के कुछ कर्मचारियों ने बताया कि इस बिल्डिंग में सबसे बुरा हाल है। नियमित सफाई नहीं होती, वहीं बाथरूम, लिफ्ट व सीढ़ियों पर गंदगी पसरी रहती है। इस गंदगी के बीच अब ड्यूटी टाइम के बाद यहां अज्ञात लोग शराब भी पीने लगे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें लगता ही नहीं है कि राजधानी के कलेक्टोरेट की बिल्डिंग है, जहां अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों के दफ्तर हैं।

शराब पीने के दौरान विवाद पर महिला की हत्या कर लाश सीवरेज पाइपलाइन में छिपाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व अंधे कत्ल की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। अधेड़ महिला की हत्या के आरोप में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज तथा स्थानीय मुखबिरों की मदद से की। हत्या की वजह शराब पीने के दौरान विवाद है। बदमाशों ने महिला के सिर पर पत्थर कुचलकर हत्या की थी। हत्या करने के बाद बदमाशों ने महिला की लाश को पुल के नीचे पाइप में छिपा दी थी।

पुलिस के मुताबिक केवरा बाई की हत्या के आरोप में टिकरापारा निवासी रवि निषाद, खब्बू सिंग सेन तथा

गरियाबंद, फिंगेश्वर निवासी तोरण विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार केवरा बाई की लाश 23 मई को कमल विहार सेक्टर चार में पुल के नीचे पाइप में मिली थी। महिला की लाश पूरी तरह से सड़ गई थी। इस वजह से महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। महिला के मंगलसूत्र, चूड़ी तथा साड़ी के आधार पर केवरा बाई के बेटे ने शिनाख्त की। केवरा बाई के बेटे ने पुलिस को बताया कि उसकी मां 18 मई से घर से लापता हो गई है, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट 21 मई को टिकरापारा थाने में की थी।

ज्यादा शराब पीने की चाहत में विवाद बढ़ा

पुलिस के मुताबिक महिला आदतन शराबी थी। महिला जिस दिन से अपने घर से निकली थी, उस दिन से वह घूम-घूम कर लोगों से मांग कर शराब पी रही थी। पुलिस ने जिन तीन लोगों को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है, उन लोगों ने पूछताछ में पुलिस को बताया है कि महिला शराब पीने के दौरान तीनों लड़कों को और शराब पिलाने के लिए जिद कर रही थी। इसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हुआ और उन्होंने महिला को पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी।

रविवि की बैठक में उबले प्राचार्य, 6 में से 5 एसी खराब, कुछ की तबीयत खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा शुक्रवार को आयोजित प्राचार्यों की बैठक में गहमा-गहमी का माहौल रहा। भीषण गर्मी में आयोजित इस बैठक में रविवि का एसी काम कर नहीं कर रहा था। इसे लेकर प्राचार्यों ने आक्रोश जताया। यही नहीं, कई प्राचार्य बैठक समाप्त होने से पहले ही हॉल छोड़कर चले गए। रविवि द्वारा विवि अध्ययनशाला के सीवी रमन हॉल में यह बैठक रखी गई थी। इस हॉल में 6 एसी है। इनमें से मात्र एक ही कार्य कर रहा था, जबकि हॉल में मौजूद व्यक्तियों की संख्या अत्यधिक थी।

शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यों की बैठक पहली पाली में सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुई। इस दौरान तापमान अपेक्षाकृत कम था। इस बैठक में 50 के लगभग

प्राचार्य और महाविद्यालय के सहयोगी स्टाफ शामिल हुए। दूसरी पाली की बैठक निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यों की थी। इसमें लगभग 80 प्राचार्यों ने हिस्सा लिया। दोपहर 2.30 बजे से यह बैठक शुरू हुई। इस दौरान भीषण गर्मी का सामना प्राचार्यों को करना पड़ा।

ठंडे पानी की भी व्यवस्था नहीं

एसी के अलावा कक्ष में मौजूद प्राचार्यों के लिए पीने के ठंडे पानी की भी व्यवस्था नहीं थी। तमाम व्यवस्थाओं को लेकर प्राचार्यों ने आक्रोश जताया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कई प्राचार्य इस भीषण गर्मी में स्वयं का असहज महसूस करने लगे। कई की तबियत भी इस दौरान बिगड़ने लगी। इसके बाद बैठक बीच में ही छोड़कर कई प्राचार्य चले गए।

अलग-अलग बुलाए जाने का भी विरोध

शासकीय और निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक एक ही विषय को लेकर बुलाई गई थी। इसके बाद भी उन्हें अलग-अलग पालियों में बुलाया गया। आमतौर पर रविवि एक ही मुद्दे पर बैठक आयोजित किए जाने पर शासकीय और अशासकीय दोनों ही महाविद्यालयों की सामूहिक रूप से एक साथ आमंत्रित किया जाता है। यह पहली बार है, जब इस तरह उनका विभाजन कर दिया गया।

खबर संक्षेप

मृदा परीक्षण स्व-सहायता समूह की दीदियों को दिया प्रशिक्षण

दंतेवाड़ा। दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिला एक जैविक जिला के रूप में विकसित है, क्योंकि यहां के कृषक अधिकतम जैविक कृषि करते हैं। जिससे साग-सब्जियों की अधिक पैदावार होती है और साग-सब्जियों में किसी प्रकार की कोई रासायनिक खाद नहीं डाली जाती है। इसके साथ ही यहां के कृषक अपने खेती में अपने द्वारा बनाए गए या शासन से प्राप्त उर्वरक खाद का निर्माण करते हैं और अपने खेतों में इस्तेमाल भी अच्छे तरीके से करते हैं। इस कड़ी में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार तथा जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत विकासखंड गीदम में स्व-सहायता समूह की दीदीयों का मृदा परीक्षण प्रयोगशाला हारम विकासखंड गीदम के प्रशिक्षकों द्वारा 2 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें मिट्टी परीक्षण से संबंधित जानकारियां विभाग के द्वारा दी जा रही है और इस प्रशिक्षण में स्व-सहायता समूह की महिलाएं, कृषि मित्र बड़े ही उत्साह के साथ मिट्टी प्रशिक्षण प्रक्रिया को समझने का प्रयास कर रहे है।

सीईओ जिला पंचायत नंदनवार ने दिलाई शपथ

बीजापुर। धूम्रपान एवं नशापान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जन-चेतना विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष 31 मई को अन्तर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया जाता है। जिससे जनसामान्य में धूम्रपान और तम्बाकू सेवन करने की प्रवृत्ति में प्रभावी नियंत्रण हो सके। इस प्रवृत्ति के विरूद्ध व्यापक जन चेतना आम जनता में विकसित करने हेतु समाज कल्याण विभाग के द्वारा 31 मई को जिला पंचायत बीजापुर के सभागार में जिला पंचायत, आरईएस, समाज कल्याण के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं बीजादूतीर व यूनिसेफ के कार्यकर्ताओं को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार द्वारा शपथ दिलवाया गया। तत्पश्चात नशामुक्ति से संबंधित पाम्पलेट का वितरण किया गया। नशामुक्ति श्लोगन के माध्यम से सभागार के सभी लोगों को सकारात्मक वातावरण निर्मित करने के लिये प्रेरित किया गया, तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभाव पर चर्चा एवं उससे छुटकारा हेतु आवश्यक संबंधी कदम उठाने हेतु जानकारी साझा किया गया तथा सोशल मीडिया में नशापान के दुष्प्रभावों का प्रचार-प्रसार कराया गया।

लोकतंत्र बनाम माओवाद पर चर्चा कल की जाएगी

जगदलपुर। बस्तर शांति समिति द्वारा 3 जून की सुबह 9.30 से 11.30 बजे तक लोकतंत्र बनाम माओवाद पर चर्चा का आयोजन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी हॉल में किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा, अध्यक्षता वनमंत्री केदार कश्यप, मुख्य वक्ता राजीव रंजन प्रसाद होंगे।

दर्रेकसा हाजरा फाल गुफा क्षेत्र में स्वामी विवेकानंद का स्मारक बनाने की मांग

ग्रीन केयर सोसाइटी ने नई शिक्षा नीति का किया स्वागत, स्वामी विवेकानंद का भाषण कोर्स में होगा शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्रीन केयर सोसायटी के अध्यक्ष विश्वनाथ पाणीग्रही ने नई शिक्षा नीति का स्वागत करते हुए कहा कि नरेंद्र से स्वामी विवेकानंद बनने की प्रथम आध्यात्मिक अनुभूति स्थल तपोभूमि को भी पहचान मिले। यह तपोभूमि महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में सुरम्य वन क्षेत्र दर्रेकसा हाजरा फाल गुफा क्षेत्र है। हमने अनेक पत्र लिखे तथा लिखना जारी है। स्थल को नई पहचान मिले। कन्याकुमारी की तर्ज पर स्वामी विवेकानंद का भव्य स्मारक बने। यह क्षेत्र विवेकानंद तीर्थ क्षेत्र बने।

पाणीग्रही ने कहा कि नई शिक्षा नीति 1 जुलाई से महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में कार्यशाला प्रारंभ हो रही है। इस कड़ी में कुछ जानकारियों के अनुसार स्वामी विवेकानंद के 11 सितंबर को न्यूयॉर्क में दिए गए भाषण को कोर्स में शामिल किया गया है। साथ ही स्वामी विवेकानंद के आदर्शों एवं शिक्षा से प्रेरित है। स्वामी विवेकानंद के इस भाषण ने विश्व बिरादरी पर जो प्रभाव डाला तथा भारत माता का परचम पाश्चात्य देशों सहित पूरे विश्व में लहराया, इसके लिए हम सब स्वामी विवेकानंद के ऋणी हैं।

डॉ. पाणिग्राही ने कहा कि वर्ष 2015 में जब नई शिक्षा नीति बनाने के परिप्रेक्ष्य में चर्चा, परिचर्चा एवम कार्यशालाओं का दौर शुरू हुआ, तब हमारी संस्था ग्रीन केयर सोसायटी द्वारा अग्रणी भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों, शिक्षकों, पालकों, शिक्षा संस्थानों, साधु संतों, शिक्षाविदों की सहभागिता के साथ कार्यशाला आयोजित कर सुझावों एवं अनुशंसाओं को तत्कालीन केंद्रीय शिक्षा मंत्री स्मृति ईरानी को भेजा था। उनसे सकारात्मक उत्तर एवम सुझाव भी मिले, जिसका हमने पालन किया। खुशी की बात है कि हमारे अनेक सुझावों को शामिल किया गया है, जिसकी झलक नई शिक्षा नीति में मिलती है। ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैश, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पत्र लिखकर दर्रेकसा हाजरा फाल गुफा क्षेत्र में स्वामी विवेकानंद का भव्य स्मारक बनाने के साथ विवेकानंद तीर्थ एवं पर्यटन पथ बनाने की मांग की है।

ई-वे बिल पर छूट समाप्त करने का निर्णय व्यापारियों पर अत्याचार : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में रोजगार के अवसर खत्म कर, बड़े सरकारी संस्थानों को अपने चंद पूंजीपति मित्रों को सौंपकर तथा देश के 2 करोड़ युवाओं को प्रति वर्ष सरकारी नौकरी देने का झांसा देकर उन्हें धोखा देने वाले भाजपा की जुमलेबाज सरकार की नजर अब छोटे व मध्यम व्यापारियों पर पड़ गया है। भाजपा सरकार ने 2018 से दी जा रही ई-वे बिल पर छूट समाप्त कर दिया है। जिससे छोटे व मध्यम व्यापारियों को व्यापार में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

विनोद ने कहा कि यह सरकार का व्यापारियों पर अत्याचार है। जब से राज्य में भाजपा सरकार बनी है। सरकार उद्योग-व्यापार को चौपट करने वाला निर्णय ले रही है। जिन व्यापारियों, उद्योगपतियों के दिए टैक्स के पैसे से सरकार विकास और राहत के काम करती है, उन्हीं व्यापारियों को परेशान किया जाना गलत है? पांच महीने में लगातार व्यापारियों के यहां सरकार ने जीएसटी के छापेमारी करवाया। अब सरकार उन्हें परेशान करने ई-वे बिल में छूट को समाप्त करने का निर्णय ले लिया है।

निर्माणाधीन पीएम आवासों का निरीक्षण

महासमुंद। ग्राम पंचायत खैरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण हो रहे मकानों का निरीक्षण किया गया। लाभार्थियों को जल्द से जल्द अधूरे निर्माण मकानों को पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत, जनपद पंचायत के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ सरपंच व सचिव मौजूद रहे।

बोंदानवापाली में तालाब निर्माण कार्य प्रगति में

महासमुंद। जनपद सीईओ के मार्गदर्शन में स्थल खसरा क्रमांक 882 प. ह. न. 012 रकबा 0.94 हेक्टेयर के तुकड़ा में पठार नीचे नया तालाब निर्माण के नाम से नया तालाब निर्माण का कार्य प्रगति पर है। स्थल निरीक्षण करने पर स्पष्ट है कि मजदूरों के द्वारा कार्य किया गया है एवं बोर्ड का निर्माण प्रत्येक व्यक्ति को आसानी से दिख सके इसे ध्यान में रखते हुए शासकीय धरसा (रोड) में निर्माण किया गया है। जिसकी कार्यस्थल से दूरी 60-70 मी. है। बोर्ड से कार्यस्थल स्पष्ट देखा जा सकता है। पठार के नीचे नया तालाब निर्माण कार्य की कुल स्वीकृति 17.34 लाख है जिसमें खर्च 7.85 लाख रुपए हो चुका है। जिसमें बोंदानवापाली के मजदूरों द्वारा ही कार्य किया गया है। इस संबध में मौके पर मजदूरों द्वारा सत्यापन कर हस्ताक्षर भी किया गया।

आबकारी एसआई की लापरवाही को कांग्रेस ने किया उजागर : सुभद्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के बांदे में आबकारी विभाग के उप निरीक्षक के द्वारा जो लापरवाही बरती गई है, उसके जाँच के लिए गए कांग्रेस के दल ने उजाकर किया और कहा कि दोनो अधिकारियों की पूरी तरह से गल्ती है। जाँच दल ने कहा कि इस पूरे मामले को हाईकमान के संज्ञान में लाया गया है।

राजीव भवन में मीडिया से रूबरू होते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुभद्रा सलाम व जाँच दल के सदस्य नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी, सियो पोटाई, गोमती सलाम, मिथिलेश शोरी, अमिता उइके, भगवती गजेन्द्र, इन्द्रजीत विश्वास, मुकूल पाल ने बताया कि पीड़ित परिवार 9 साल से उसी स्थान पर रहकर किराने की दुकान चलाते है।

गाँव वालों को इस परिवार से किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है। आबकारी विभाग के उपनिरीक्षक को दिक्कत थी, यह जान बूझकर परिवार को परेशान करने पहुँचे थे।

घटना के दौरान परिवार के मुखिया निहार विश्वास घर पर नहीं थे। इसके पहले भी आबकारी अधिकारी ओमप्रकाश साहू के द्वारा दो बार दुकान बंद करने की धमकी दे चुके है।

हमारी टीम ने आसपास के लोगों से जानकारी लेने के लिए बातचीत किया गया तो पता चला उनके दुकान व मकान को लेकर आमजन को कोई शिकायत नही है। जाँच दल का कहना है कि बांदे क्षेत्र में इन अधिकारियों के खिलाफ जनआक्रोश है तथा जनता के द्वारा कानूनी कार्यवाही की मांग किया जा रहा है। जाँच दल ने इस रिपोर्ट को हाईकमान को भी भेजा गया है।

छेड़छाड का आरोपी गिरफ्तार रिमांड पर भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर पुलिस ने छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 1 जून को दबोचा और न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार पीड़िता ने भानुप्रतापपुर पुलिस को बताया कि मैं 31 मई को अपने घर में चॉवल साफ कर रही थी। आरोपी अंकेश कुमार उसेण्डी मेरे घर आया और पीड़िता को बुरी नियत व गलत काम करने की नियत से पीड़िता के पहने हुए साड़ी को खींचने लगा।

पीड़िता के द्वारा चिल्लाने पर आरोपी वहां से भाग गया। पीड़िता की शिकायत थाना प्रभारी निरीक्षक अमित पदमशाली ने उच्च अधिकारियों के निर्देशन में एक टीम आरोपी की गिरफ्तारी के लिए ग्राम चिचगांव रवाना हुई। आरोपी पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहा था। पुलिस द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपराध स्वीकार करने से आरोपी को न्यायालय पेश किया गया है, जिससे जिला जेल की सलाखों में भेजा गया।

कार्यवाही में निरीक्षक अमित पदमशाली, सहायक उप निरीक्षक कैलाश पाण्डे, प्रआर कोमल धनेन्द्र, आरक्षक फत्तू उसेण्डी, रामचंद, दिनेश हुर्रा, मिली कटकवार, सगनी पोटाई का योगदान रहा।

अनुभव व सीख का सदुपयोग समाज के लिए करें : सीई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लम्बी अवधि तक शासकीय सेवा देने के उपरांत सेवानिवृत्त होने वाले वरिष्ठ सहायक अभियंता अपने शासकीय सेवा के अनुभव और सीख का सदुपयोग समाज के लिए करें। सभी शासकीय सेवकों ने नौकरी के दौरान खुद के लिए परिवार और समाज के लिए समय नहीं निकाल पाए होंगे वे सेवानिवृत्त होकर स्वयं एवं परिवार और समाज के लिए समय दें। उक्त बातें शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग जगदलपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता कार्यालय के सभाकक्ष में पीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ सहायक अभियंता जेएस सैनी के सेवानिवृत्त पर विदाई समारोह में मुख्य अभियंता जीआर रावटे, अधीक्षण अभियंता डीएल टेकाम ने कही। उन्होंने कहा कि पदीय दायित्व का निर्वहन करते हुए सेवानिवृत हो रहे शासकीय सेवकों को सम्मान देने का अवसर मिला यह गर्व का पल है। शासकीय सेवकों की स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की। श्री सैनी को सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट किया। समारोह में पीडब्ल्यूडी के सीई, एसई के साथ कार्यपालन अभियंता एके सिंह, अनुविभागीय अधिकारी आरके बतरा, अभियंता, कर्मचारी, स्टॉफ एवं ठेकेदार मौजूद रहे।

बहुप्रतिक्षित महारानी अस्पताल का उपकेन्द्र चार्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विद्युत कंपनी की ओर से उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए शहर के शासकीय जिला महारानी अस्पताल परिसर में बहुप्रतिक्षित उपकेन्द्र का निर्माण कार्य पूरा किया और शुक्रवार की शाम उपकेन्द्र को चार्ज किया। इस उपकेन्द्र निर्माण होने से अस्पताल सहित लगभग आसपास के 8 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को राहत मिली। इसके अलावा महारानी अस्पताल को डबल विद्युत लाईन से जोड़ा गया, जिससे एक लाईन में समस्या होने से दूसरी लाईन से अस्पताल में बिजली की सुविधा दी जा सकेगी।

- 8 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को मिल रही डबल लाईन बिजली

अस्पताल के प्रबंधन ने बताया कि उपकेन्द्र शुरू होने से अब अस्पताल के वार्डों के मरीजों राहत मिल रही है। उपकेन्द्र चार्ज शुरू के दौरान विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर, अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, एसएस पांडव, कार्यपालन अभियंता दिलीप कुमार सैनी, प्रदीप अग्रवाणी, सुदीप खेस, सहायक अभियंता निरंजन सिंह कंवर, नंदलाल कॉशी, एसआर भद्रे आदि शामिल रहे।

ईडी, एसई, डीई का प्रयास

अस्पताल परिसर में 33, 11 केव्ही, 3.15 एमव्हीए उपकेन्द्र के निर्माण कार्य के दौरान कंपनी के ईडी, एसई, डीई एवं सहायक अभियंता ने लगातार पहुंच रहे थे, जिसके चलते उपकेन्द्र का निर्माण कार्य पूरा हुआ। साथ ही निर्माण कार्य सुस्त होने पर ईडी ने ठेकेदार को फटकार भी लगाया था, इसके चलते ठेकेदार ने जोर-शोर से कार्य कर उपकेन्द्र को पूरा किया।

रिटायर्ड प्रधान आरक्षक का ग्रामीणों ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर

विकासखण्ड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रिसेवाडा निवासी सोनाराम मरकाम छत्तीसगढ़ पुलिस में प्रधान आरक्षक पद से 31 मई को कांकेर थाना से सेवानिवृत होने के उपरांत गाँव पहुँचने पर ग्रामीणों ने स्वागत कर उनको निवास स्थान तक पहुँचाया। ग्राम पंचायत के उप सरपंच सुरेश पटेल ने बताया कि ग्राम रिसेवाड़ा के सोनाराम मरकाम छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में रहते हुए कांकेर जिला के अलावा बस्तर और नारायणपुर के अनेक थाना व चौकी में सेवाएं देते हुए 31 मई को प्रधान आरक्षक पद से सेवानिवृत होकर गाँव पहुँचने पर ग्रामीणों के द्वारा हर्षोल्लास के साथ फूलमाला के साथ स्वागत किया गया वही उनके सेवानिवृत होने पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई एवं उनके कार्यों की प्रशंसा किया गया और आगे भी गांव व समाज की सेवा पर सहयोग करने की अपेक्षा की गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हुए प्रधान आरक्षक ने ग्रामीणों के स्वागत की प्रशंसा करते हुए ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते कहा कि आज सफलतापूर्वक अपनी नौकरी पूरा कर वापिस गांव आया हूं जिसमें आप सभी लोगों का आशीर्वाद रहा और आगे भी रहेगा। गांव में हमारी जिस तरह की जरूरत होगी, वैसी मदद करते रहूँगा। इस अवसर पर सरपंच, उपसरपंच, वार्ड पंच, ग्राम गायता किशोर मंडावी, बालादास मानिकपुरी सज्जन दास मानिकपुरी, हेमलाल सिंहा, बृजलाल सिंहा, अमर सिंह उयके, जयराम मरकाम, प्रीतम मरकाम, रामलाल मंडावी, एवं ग्रामीण महिला व पुरुष उपस्थित रहे।

पर्यावरण समस्या से निपटने विद्यार्थी परिषद चला रहा कैंपेन

जगदलपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ग्रीष्म कालीन 3 दिवसीय शिविर का आयोजन कर रहा हैं। एसएफडी प्रमुख राहुल गौर ने बताया कि छात्रों के बीच जाकर जल, जंगल, जमीन, जानवर, जन के उत्थान के कार्यक्रम चलते हैं। पर्यावरण को स्वच्छ रखने जागरूक करने का कार्य करते हैं। पर्यावरण को बचाए रखने के लिए इस तरह के कैंपेन से लोगों को जागरूक किया जाता है। पर्यावरण के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी जाती है। पर्यावरण को किस तरह से सुरक्षित रखा जा सकता है, इसके सुझावों, उपायों पर भी चर्चा की जाती है। लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, लैंड पॉल्यूशन आदि के कारण पर्यावरण बुरी तरह से प्रभावित होता है। व्यक्ति की सेहत पर भी इसके गंभीर नुकसान होते हैं। संयोजक इंदिवर शुक्ल ने बताया कि जब तक हम अपने गांव को शहर को समाज को पशु, पक्षी, जानवर को पर्यावरण को अपना नहीं समझेंगे तब तक हम पर्यावरण को नहीं बचा सकते हैं।

Health Town
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

खबर संक्षेप

कलेक्टर को कल सौंपा जाएगा ज्ञापन

महासमुंद। विगत दिनों बलरामपुर में बजरंग दल के सह संयोजक सुजीत स्वर्णकार की विधर्मियों द्वारा षड्यंत्रपूर्वक निर्मम हत्या कर दी गई। जिसके विरोध में विश्व हिंदू परिषद महासमुंद द्वारा सीबीआई जांच की मांग करते हुए 3 जून को सुबह 10 बजे जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उक्त जानकारी धनेंद्र चंद्राकर ने दी है।

अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

महासमुंद। लोकसभा निर्वाचन 2024 का मतगणना 4 जून को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगा। मतगणना के परिणाम का टेबुलेशन करने के लिए कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर प्रभात मलिक द्वारा टेबुलेशन अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जिन्हें कलेक्टर सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू ने कहा कि टेबुलेशन का कार्य अत्यंत सावधानी से किया जाने वाला कार्य है। परिणामों की प्रविष्टि निर्धारित प्रपत्रों में करते समय थोड़ी सी भी चूक या त्रुटि नहीं होनी चाहिए।

प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर रवि साहू, डिप्टी कलेक्टर हरिशंकर पैकरा, डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा, एसडीएम उमेश साहू उपस्थित थे। जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने प्रशिक्षण देते हुए कहा कि प्रत्येक विधानसभा के गणना हाल में 14-14 टेबल लगाए गए हैं। प्रत्येक टेबल का प्रभारी अधिकारी कंट्रोल यूनिट से परिणाम देखकर प्रारूप 17 सी का भाग दो तैयार करेगा तथा टेबुलेशन के लिए सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के टेबल में भेजेगा। इनके आधार पर चरणवार रुझान/परिणामों की जानकारी तैयार की जाएगी तथा प्रारूप 20 के भाग एक में लिखकर रिटर्निंग ऑफिसर के टेबल पर भेज दी जाएगी। रिटर्निंग ऑफिसर के टेबल पर नियुक्त अधिकारी द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्राप्त प्रारूप 20 के भाग एक के प्रारूप पर भाग दो बनाया किया जाएगा, जिससे संपूर्ण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का परिणाम तैयार होगा। सभी विधानसभा क्षेत्रों के सभी चरणों की गणना समाप्त होने के पश्चात रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रारूप 21 ई में निर्वाचन की विवरणी तैयार किया जाएगा। जिसके आधार पर अंतिम परिणाम की घोषणा की जाएगी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर गोस्वामी द्वारा टेबुलेशन में प्रयुक्त होने वाले समस्त फार्मेट, प्रारूपों को पावर पाइंट प्रजेंटेशन द्वारा दिखाते हुए, तैयार करने की विधि भी बताया गया। प्रशिक्षण में सभी संबंधित टेबुलेशन अधिकारी उपस्थित थे।

तम्बाखू निषेध दिवस पर श्याम बालाजी कॉलेज में हुई विविध प्रतियोगिता

महासमुंद। श्याम बालाजी महाविद्यालय में विश्व तम्बाखू निषेध दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का थीम तम्बाखू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों को बचाना है। कालेज में नशामुक्ति जागरुकता कार्यशाला एवं चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेघा ताम्रकार (साइकोलॉजिस्ट), देव कुमार डडसेना (योग ट्रेनर), अंकिता चंद्राकर (प्राचार्य), उमा चौधरी, निर्मल बंजारे, टोपलाल कुर्रे (सहायक प्राध्यापक) एवं सभी विभाग के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। चित्रकला प्रतियोगिता में कुल 70 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को तम्बाखू सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया। जिला तम्बाखू नशामुक्ति केंद्र एवं कोटपा एक्ट 2003 की धाराओं के बारे में जानकारी दी गई। प्रतियोगिता में भाग लिए सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी में आए छात्रों को शील्ड बैग व प्रमाण पत्र दिया गया। साथ ही शपथ ग्रहण व एंटी टोबैको मॉनिटर बनाया गया एवं आईसीसी विवरित की गई। प्रतियोगिता में प्रथम राजकुमारी भारती, द्वितीय यूनिका साहू, तृतीय बेदप्रकाश कैवरता, चतुर्थ रोहित पटेल, पंचम रोहित पटेल, षष्ठ माया दीवान रहे।

पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के लिए डॉ. मालती तिवारी हुईं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

पर्यावरण के संरक्षण, संवर्धन और जनजागरण की दृष्टि से समाज हित में कार्य करने वाली मातृशक्ति अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर सम्मानित करने का कार्यक्रम नारी वीरांगना सम्मान का आयोजन पर्यावरण संरक्षण गतिविधि नारी शक्ति एवं सखी फाउंडेशन रायपुर द्वारा मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर में किया गया। कार्यशाला में सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के डॉ.मालती तिवारी अत्यंत मृदुभाषी मिलनसार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना में जिला संगठक का दायित्व का निर्वाह करने के साथ पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के क्षेत्र में भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेती है। जिसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय के द्वारा पर्यावरण संरक्षण नारी वीरांगना सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह कौशल्या देवी साय के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. अरुणा पल्टा कुलपति हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की अध्यक्षता में हुआ। विशिष्ट अतिथि के रुप में गौरी जोशी प्रमुख नारी शक्ति पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, प्रियंका पगारिया सीईओ मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर, प्रियंका पांडेय वन मंडल अधिकारी जांजगीर-चांपा, डॉ नीता बाजपेई राज्य एनएसएस अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग छग, नीलम सिंह अध्यक्ष सखी फाउंडेशन प्रांत सह प्रमुख नारी शक्ति कार्य विभाग पर्यावरण संरक्षण गतिविधि छत्तीसगढ़ रहे।

सम्मान पर जताया हर्ष

डॉ. मालती तिवारी को सम्मान मिलने पर डॉ अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, प्राध्यापक करुणा दुबे, डॉ नीलम अग्रवाल, डॉ गीता पांडेय, डॉ आरके अग्रवाल, एस खलको, डॉ ईपी चेलक, मनीराम धीवर, अजय कुमार राजा, डॉ दुर्गावती भारतीय, सीमारानी प्रधान, एसआर रात्रे, दिलीप कुमार बढ़ई, सरस्वती सेठ, प्रदीप कन्हेर, केशरचंद्र बनपाल, अजय कुमार देवांगन, प्रियंका सोनवानी, प्रियंका चक्रधारी, आशुतोष पुरी गोस्वामी, राजेश्वरी सोनी, मनबोध चौहान, रूखमणी साहू, कार्यालय प्रमुख मुकेश कुमार साहू, मनोज शर्मा सहित समस्त महाविद्यालय अधिकारियों व कर्मचारियों ने हर्ष जताया है।

दिलाई गई शपथ

कौशल्या देवी साय ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बताते हुए सभी को पर्यावरण सुरक्षा के लिए शपथ दिलाई। अरुणा पल्टा द्वारा पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की शुरुआत छोटे-छोटे रूप में अपने घर से करने की बात कही गई। गौरी जोशी द्वारा पर्यावरण सुरक्षा कहने की बजाय करने पर जोर दिया गया। नीता बाजपेई द्वारा जल संरक्षण व आने वाले संकटों से अवगत कराया। प्रियंका पांडेय ने वनारोपण व वन सुरक्षा एवं उनके महत्व को बताया। वर्तमान में पर्यावरण संरक्षण संवर्धन की संयोजक डॉक्टर मालती तिवारी हैं। इस कार्यक्रम में महासमुंद जिले के कमला बाई दीवान व डॉ सरोज चंद्राकर भी सम्मिलित हुईं।

जागरुक : सार्वजनिक जगहों पर धूम्रपान, तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर कार्रवाई

तंबाकू उत्पाद की बिक्री पर प्रतिबंध के तहत 33 पर हुई चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

विश्व तम्बाखू निषेध दिवस 31 मई को राष्ट्रीय तम्बाखू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत प्रतिवर्ष की भांति विश्व तम्बाखू निषेध दिवस इस वर्ष भी मनाया गया। इस वर्ष का थीम तम्बाखू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों को बचाना है। इस विषय को ध्यान में रखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी कुदेशिया के निर्देशन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू घृतलहरे के मार्गदर्शन व जिला नोडल अधिकारी डॉ छत्रपाल चंद्राकर के सहयोग से विश्व तम्बाखू निषेध दिवस पर तम्बाखू का नशा छोड़ने वाले व्यक्तियों एवं उन मितानिनों को जिन्होंने नशा उन्मूलन के लिए पहल किया, उन्हें प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही श्याम बालाजी महाविद्यालय में नशामुक्ति जागरुकता कार्यशाला एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 70 विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को तम्बाखू सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरुक किया गया व जिला तम्बाखू नशा मुक्ति केंद्र के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही कोटपा एक्ट 2003 की धाराओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। तत्पश्चात प्रतियोगिता में भाग लिए सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया एवं प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी में आए छात्रों को शील्ड बैग व प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान शपथ ग्रहण व एंटी टोबैको मॉनिटर बनाया गया एवं आईईसी वितरित की गई। इस उपलक्ष्य में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रवर्तन दल द्वारा चालानी कार्रवाई की गई। कार्यवाही में औषधि निरीक्षक अखिलेश पांडे एवं अवधेश भारद्वाज द्वारा सार्वजनिक स्थानों में कोटपा एक्ट 2003 की धारा 04 सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान पर प्रतिबंध, 06 अ नाबालिकों के तम्बाखू उत्पाद के उपयोग व बिक्री पर प्रतिबंध व धारा 06 ब शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तम्बाखू उत्पाद की बिक्री पर प्रतिबंध के तहत कुल 33 चालान काटे गए।

- विश्व तम्बाखू निषेध दिवस पर नशा छोड़ने वाले व्यक्तियों एवं मितानिनों को नशा उन्मूलन के पहल के लिए प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर किया सम्मानित

तीन दिवसीय आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

जैन धर्मशाला में अग्रवाल महिला मंडल सरायपाली द्वारा निःशुल्क आयुर्वेदिक तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें तीन दिनों में लगभग 300 से अधिक लोग लाभान्वित हुए, जिसमें कंप्यूटर द्वारा संपूर्ण शरीर की जांच मात्र 2 मिनट में किया जा रहा था। कंप्यूटर से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर स्वास्थ्य के परामर्श के लिए हैदराबाद के रेड्डी ह्यमन केयर फाउंडेशन के स्वास्थ्य टीम भी पहुंची थी। जिसमें से दो डॉक्टरों द्वारा परामर्श भी दिया जा रहा था। इसके अलावा दवाइयां भी दी जा रही थी। हालांकि, दवाइयां के लिए शुल्क निर्धारित था। 27 मई से प्रारंभ हुए यह स्वास्थ्य शिविर 29 मई तक चला।

बता दें कि हर स्थान पर आज की स्थिति में छोटे से छोटे उपचार के लिए भारी भरकम राशि अदा करनी पड़ती है, ऐसे समय में अग्रवाल महिला मंडल सरायपाली द्वारा लोगों को निःशुल्क उपचार व स्वस्थ जीवन के लिए आयुर्वेदिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

मात्र 2 मिनट में कंप्यूटर द्वारा पूरे शरीर के किडनी, लीवर, ब्रेन, वेट आदि रिपोर्ट दिया जा रहा था, अगर किसी को किसी तरह की समस्या है तो उसे रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टर परामर्श दे रहे थे, जिसके लिए वहां

आयुर्वेदिक दवाई भी उपलब्ध थे, यह स्वास्थ्य शिविर विगत 27 मई से प्रारंभ हुई, जिसका समापन 29 मई को हुआ। शिविर में हैदराबाद के चिकित्सा टीम में से डॉ के रत्नम, डॉ राजेश कोठारी व मैनेजर शीतल नंदा व उनकी टीम पहुंची थी। शिविर आयोजन के लिए अग्रवाल महिला मंडल सरायपाली, अग्रवाल नवयुवक संघ सरायपाली व अग्रवाल महिला समूह के अध्यक्ष वीणा अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।

पेयजल समस्याओं को देखते हुए पार्षद ने निजी खर्च पर उपलब्ध कराया टैंकर

महासमुंद। शहर के विभिन्न वार्डों में जल संकट की स्थिति से को देखते हुए नपा सभापति निखिलकांत साहू ने स्वयं के व्यय पर पानी टैंकर उपलब्ध कराकर निःशुल्क जल वितरण कार्य का शुभारंभ किया। बता दें कि सभापति साहू को उनके वार्ड सहित शहर के विभिन्न वार्डों के लोगों ने पानी की समस्या से अवगत कराया था। अनेक वार्डों के लोगों ने उनके कार्यालय में आकर बताया था कि नलों की धार पतली है। मुख्य पाइप लाइन से जुड़कर छोटे गलियों में गुजरी पाइप लाइन में तो पानी ही नहीं चढ़ पा रहा। इससे उनके नलों में महज एक या दो बाल्टी पानी ही उन्हें मिल रहा है। जिससे पेयजल व निस्तारी के लिए काफी समस्याओं का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। इसके अलावा कुएं सूख चुके हैं। सार्वजनिक हैंडपंपों से भी पानी नहीं निकल रहा। नपा सभापति साहू उपरोक्त समस्याओं को लेकर गत दिनों मुख्य नगर पालिका अधिकारी टामसन रात्रे से चर्चा कर त्वरित समाधान की बात कही थी। भीषण गर्मी में लोगों को जल उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए उन्होंने आज अपने खर्च पर पानी टैंकर के माध्यम से शहरवासियों को जल वितरण कार्य का शुभारंभ किया। निखिल ने कहा कि शहर के किसी भी वार्ड में जल संकट हो तो उनसे संपर्क कर सकते हैं। टैंकर के माध्यम से वहां शीघ्र जल पहुंचाया जाएगा। साथ ही प्रतिदिन इस टैंकर से विभिन्न वार्डों में पानी की सप्लाई की जाएगी।

समाज को संस्कारवान बनाने पर ध्यान दें पदाधिकारी : भतपहरी

नवनिर्वाचित अठगंवा पदाधिकारियों का ब्लाक स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज बागबाहरा ब्लॉक कार्यकारिणी के नेतृत्व में गठित खल्लारी, सुनसुनिया, लामीसरार, लिटियादादर, सुअरमाल, फिरगी परिक्षेत्र के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह एवं सम्मान समारोह प्रदेशाध्यक्ष आरपी भतपहरी प्रदेशाध्यक्ष के मुख्य अतिथि एवं एसआर बंजारे महासचिव की अध्यक्षता व प्रदेश जिला व ब्लॉक पदाधिकारियों के विशेष अतिथि में नवनिर्मित सामाजिक भवन बागबाहरा में हुआ।

कार्यक्रम में अनमोल पंथी भजन के कलाकार पवन कुर्रे, शीतल कुर्रे द्वारा आरती मंगल से शुरुआत कर बाबा की पंथी भजन प्रस्तुत किया। अतिथियों के हाथों नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देने के बाद प्रदेशाध्यक्ष द्वारा शपथ दिलाई गई। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की स्थापना से लेकर जिला में विस्तार तक व अभी किए जा रहे रचनात्मक व संगठनात्मक कार्यों को जिला सचिव रेखराज बघेल द्वारा विस्तार से समाज के बीच रखा। मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष आरपी भतपहरी ने अपने उद्बोधन में विकसित समाज के निर्माण के लिए सांस्कृतिक, सामाजिक आर्थिक रुप से संस्कारवान होने पर जोर देते हुए कहा कि समाज को शिक्षा रोजगार व्यवसाय के साथ उद्योग में आगे आने की जरूरत है। साथ ही नशापान फिजुल खर्च से बचेगा, तब आर्थिक संस्कारवान बनेगा। इसी प्रकार से सतनाम संस्कृति के पालन से सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों के साथ जीवन जीने से सामाजिक संस्कार का उद्भव होगा। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज पूरे प्रदेश में समाज को संगठित करने की काम कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एसआर बंजारे ने पदाधिकारियों को संवैधानिक दायरे में रहकर नरनिवाव करने को कहा। प्रदेश संरक्षक सदस्य विनोद भारती ने जिला व ब्लॉक पदाधिकारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि महासमुंद पूरे प्रदेश में अव्वल स्थान रखती है। यहां कर्मठ जुझारू पदाधिकारी काम कर रहे हैं। राजमहंत पीएल कोसरिया ने विवाहित जोड़ियों के बीच बढ़ती विवाद की संख्या पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि नौकरी और धन सम्पत्ति को ही देखकर लड़की का रिश्ता तय न करें, बल्कि लड़का के आदत आचरण सात्विकता को प्राथमिकता देकर रिश्ता तय करें।

प्रदेश कार्यकारी सदस्य अश्वनी बबलू त्रिवेंद्र ने अठगंवा कमेटी के पदाधिकारियों को निष्ठावान होकर काम करने कहा। जिला संरक्षक एडवोकेट लिंकन कुरील ने कहा कि दादा नकुल देव ढीढी सामाजिक पदाधिकारियों के लिए आदर्श बिंदु मानकर उसके विचारों के अनुरूप ही काम करने की जरूरत बताया। युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष दिनेश बंजारे ने अठगंवा कमेटी के माध्यम से गांव के हर व्यक्ति तक पहुंचकर समाज विकास की योजना बनाने की बात कही। महिला प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष एवं सरायपाली जनपद अध्यक्ष कुमारी भास्कर ने सामाजिक कार्यों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष विजय बंजारे और युथ जिलाध्यक्ष तरुण व्यवहार ने भी संबोधित करते हुए लोगों को संगठित रहने की अपील की। ब्लॉक अध्यक्ष चिंता साय के नेतृत्व में ब्लॉक कार्यकारिणी द्वारा अतिथियों का सम्मान मोमेंटो व गमछा भेंटकर किया गया। साथ ही सामाजिक कार्यों के पितामह दादा नकुल देव ढीढी की सुपुत्री रोशन ओगरे का विशेष सम्मान किया गया। मंच संचालन गणेश टंडन महासमुंद ब्लॉक सचिव ने किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष खोशिल गेंड्रे, डॉ विजय चतुर्वेदी, डॉ रामकुमार गायकवाड़, ब्लॉक संरक्षक डोमन टंडन, सलाहकार केवल टंडन, शिक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजेश रात्रे, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र बंजारे, राधेश्याम निराला, नंदकुमार भारतद्वाज, चिंता कुर्रे, विजय व्यवहार, भूपेंद्र निराला, ब्लॉक उपाध्यक्ष संतोषी व्यवहार, महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष चित्ररेखा टंडन, चंद्रकला जांगड़े, तारा साय, महिला अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष खेमिन टंडन, कार्तिक भारतद्वाज ब्लाक सचिव, शत्रुघ्न चेलक सरपंच, रायपुर से राजकुमार गेंड्रे, हीरादास टंडन, मोहन भारतद्वाज, योगेश ओगरे, सरायपाली से धनेश्वर भास्कर, मुरलीधर बारिक व छः अठगंवा कमेटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारी अधिकारी कर्मचारी व महिलाएं उपस्थित रहे।

सवा लाख बाती से महाआरती के बाद रामेश्वरम में कथा का हुआ विराम

महासमुंद। रामेश्वरम धाम में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा का हवन, पूजन, अनुष्ठान और सवा लाख बाती से महाआरती के बाद विश्राम हुआ। इस दौरान कथा मंडप जय घोष से गुंजित होता रहा। नगर पुरोहित पं.पंकज तिवारी ने व्यास पीठ से भगवान के अवतारों की कथा का बखान किया। जिसका श्रवण लाभ लेने 50 से अधिक तीर्थ यात्री महासमुंद नगर व आसपास से गए थे। हवन-अनुष्ठान के बाद कपिला तर्पण, यज्ञांतस्नान का पुण्य लाभ तीर्थयात्रियों ने लिया। पश्चात सभी तीर्थयात्री रामेश्वरम धाम से घर वापसी के लिए प्रस्थान किए। वापसी में तीर्थ यात्रियों का जत्था मदुरई में मीनाक्षी देवी के दर्शन उपरांत अन्य दर्शनीय स्थलों का भ्रमण के लिए रवाना हुआ। सभी तीर्थ यात्री तीन या चार जून को नगर पहुंचेंगे। भागवत कथा आयोजन समिति के मूलचंद लड्डा, राजेश नायक, दिलीप जैन, देवेंद्र चंद्राकर ने बताया कि आचार्य पंकज तिवारी के सानिध्य में पूजन विधान कमलेश चौबे, दिनेश चौबे, सूर्यप्रकाश चौबे, रिकेश दुबे, चिरागधर दीवान, शंकर दुबे ने पूर्ण कराया। वहीं तीर्थ यात्रियों में प्रमुख रूप से शंकर पांडे, इंद्राणी पांडे, मनोजकांत साहू, सीतादेवी साहू, हेमंत चंद्राकर,तारा चंद्राकर, मारकंडे चंद्राकर, विजय चंद्राकर, विपिन चंद्राकर, दुर्गेश चंद्राकर, जूली चंद्राकर, अरूणेंद्रधर दीवान, सुनीता दीवान, शीला पांडे, विमला, कुमारी साहू, रश्मि, सीमा लड्डा, पुष्पलता अग्रवाल रमा आदि मौजूद रहे।